तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 6 अगस्त 2025

11 इसराना में होगी प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत



12 3000 मीटर में दौड़ में सबसे तेज दौड़ी हिमानी



# मिसालः रितू ने इंटरव्यू छोड़ घायल को पहुंचाया अस्पताल, ऑटो चालक का इनकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

आज की दौड़ती-भागती जिंदगी में जहां लोग अपनों के लिए भी समय नहीं निकाल पाते, वहीं एक युवती ने अजनबी घायल युवक को समय रहते अस्पताल पहुंचाकर इंसानियत की मिसाल पेश की है। इतना ही नहीं युवती आपातकालीन कक्ष में घायल के साथ रही। उसकी मदद करती रही। हादसे के बारे में युवक के परिजनों को अवगत करवाया। परिजन करीब एक घंटे बाद अस्पताल में पहुंचे। चिकित्सक ने घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में घायल का उपचार चल रहा है। रितू की बहादुरी व दरियादिली की चर्चाएं दिन भर अस्पताल में कर्मचारी करते हुए नजर आएं।

मंगलवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर भिगान टोल के पास गन्नौर के टेहा से ऑटो में सवार होकर मुरथल आ रहे युवक को चलती ऑटो में कार चालक ने लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे में टक्कर लगने से युवक चलती ऑटो से नीचे गिरकर घायल हो गया। लोग घायल को उपचार के लिए लेकर जाने की बजाय वीडियो बनाने लगे। उसी दौरान एक अन्य ऑटो में आ रही युवती ने लोगों से घायल को अस्पताल में पहुंचने की विनती की, लेकिन कोई आगे नहीं आया। उसने खुद घायल हो ऑटो में बैठाया। उसके बाद उसे लेकर नागरिक अस्पताल सोनीपत में पहुंची। जहां चिकित्सक ने घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।

## अस्पताल में दिनभर रही रितू की दिरयादिली की चर्चा

रितू के इस कदम की पूरे अस्पताल में तारीफ होती रही। हर कोई उसकी दरियादिली की चर्चा कर रहा था। यह घटना इस बात की गवाही है कि समाज में आज भी ऐसे लोग हैं जो अपनी चिंता छोड़कर दूसरों की मदद को प्राथमिकता देते हैं। आपातकालीन कक्ष में तैनात नर्सिंग अधिकारी सुनीता राठी, सुमनलता, राजेश, मनीषा व अन्य कर्मचारी दिन भर आपस में बातचीत करते हुए रितू की बहादुरी को लेकर बातचीत करते रहे। उसे अच्छी जगह पर नौकरी मिलन की दुआएं देने लगे। अस्पताल में पहुंचे साहिल के

## करीब एक घंटे तक परिजनों के पहुंचने तक अस्पताल में डटी रही रितू





### ईंट-भट्टे पर काम के साथ जॉब

मूल रूप से बागपत हाल में पुरखास के ईंट-भट्ठा पर रहने वाली रितू भट्ठे के साथ निजी कंपनी में काम करती थी। हाल में उसकी नौकरी छूट गई थी। मंगलवार सुबह वह राई की कंपनी में इंटरव्यू देने मंगलवार जा रही थी। लोग मुरथल टोल के पास हादसे में घायल का वीडियो बनाने में व्यस्त थे, तो उसने घायल को अस्पताल में पहुंचाकर अपना फर्ज अदा किया। समय पर घायल को उपचार मिल गया। इससे खुशी की बात कोई नहीं है। नौकरी तो बाद में भी देख लूंगी।

### ऑटो चालक को खुद की जेब से दिया 100 रुपये किराया

जानकारी मिली है कि साहिल निवासी टेहा ने गांव बड़ी में हेयर कटिंग की दुकान कर रखी है। वह मुरथल में कंप्यूटर सीखने के लिए भी जाता है। मंगलवार को दुकान बंद होने के चलते वह ऑटो में सवार होकर मुरथल जा रहा था। मुरथल टोल के पास एक तेज रफ्तार कार ने चलती ऑटो को साइड मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो में सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कोई अस्पताल लेकर नहीं जा रहा था। उसी दौरान युवती ने आगे बढ़कर एक मिसाल साबित कर घायल को अस्पताल में पहुंचाया।

## अधिवक्ताओं ने किया वर्क सस्पेंड, सचिवालय के दोनों गेट बंद

# बाइक पर सवार तीन वकीलों को पुलिस ने रोका, थाने में हंगामा

**वकीलों ने लगाया थाने ले जाकर मारपीट का आरोप पुलिस कर्मियों पर केस दर्ज नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

हर में एक अधिवक्ता की पुलिस द्वारा बाइक रुकवाकर पूछताछ करने पर विवाद बढ़ गया। पुलिस कर्मी अधिवक्ता व उसके साथियों को अपनी गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई। इस पर पुलिस और अधिवक्ता उलझ गए। अधिवक्ताओं ने पुलिस कर्मियों पर उनसे थाने में मारपीट का आरोप लगाया। अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन की बैठक बुलाई, जिसके बाद वर्क सस्पेंड कर दिया गया। बुधवार को पूरे हरियाणा में वर्क सस्पेंड का आह्वान किया। वकीलों ने लघु सचिवालय के गेटों को बंद करके धरना दिया और पुलिस के विरुद्ध प्रदर्शन करके मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज करके उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

पुलिस के अधिकारी टीम के साथ सोमवार शाम को शहर में गश्त करते हुए मुगलपुरा रोड पर पहुंचे। वहां पर बाइक पर तीन युवक आते नजर आए, जिनको पुलिस ने रुकवा लिया। इनमें अंकित अधिवक्ता हैं। वहां दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। आरोप है कि पुलिस कर्मी ने अंकित को आंख के पास मुक्का मारा। इसके बाद अंकित व उसके दोनों साथियों को पुलिस की गाड़ी में शहर थाना ले जाया गया। दूसरे अधिवक्ताओं को पता चला तो वे भी थाने पहुंच गए। वहां दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई। आरोप है कि थाना गए गोहाना बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संदीप सनसनवाल, तरुण सैनी, रिंकू हुड्डा व अन्य के साथ पुलिस कर्मियों ने मारपीट की। दूसरी तरफ अंदरखाने पुलिस कर्मी भी एक अधिकारी से मारपीट का आरोप लगा रहे हैं। थाना से निकलने के बाद चार-पांच अधिवक्ताओं ने नागरिक अस्पताल पहुंचकर मेडिकल कराया। वहां से उनको गांव खानपुर कलां स्थित राजकीय मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया।



गोहाना। धरने पर बैठे अधिवक्ता पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

### बार एसोसिएशन की कमेटी गठित

बार एसोसिएशन ने विवाद की आगे की पैरवी करने के लिए कमेटी गठित की। इसमें अध्यक्ष संदीप पूनिया, उपाध्यक्ष अमित सहराया, हेमंत शर्मा, एसएस मिगलानी, विनोद अग्रवाल, इंद्र सिंह सहरावत, इंद्र सिंह मलिक, रामलाल सिंगला, मनीष मलिक और विकास नरवाल को शामिल किया गया। कमेटी बुधवार को पुलिस आयुक्त से मिलकर अपना पक्ष रखते हुए कार्रवाई की मांग करेगी।

### आज प्रदेश में वर्क सस्पेंड का आह्वान

मंगलवार को बार एसोसिएशन की बैठक बुलाकर अधिवक्ताओं ने वर्क सस्पेंड कर दिया। गोहाना के अधिवक्ताओं के आह्वान पर जिले में अन्य जगहों पर भी वर्क सस्पेंड किया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज नहीं होगी जब तक उनको आंदोलन जारी रहेगा। दोपहर 12 बजे अधिवक्ताओं ने कोर्ट परिसर के साथ लघु सचिवालय के दोनों मुख्य गेटों को बंद कर दिया। दोनों गेटों को करीब एक घंटे तक बंद रखा गया।

# सब्सिडी वाली खाद के 180 बैग बरामद

- सैंयाखेड़ा में विजिलेंस की छापेमारी, बिना दस्तावेज दूसरी जगह रखा मिला खाद का स्टाक
- कृषि विभाग व पुलिस की टीम भी कार्रवाई के दौरान मौजूद रही।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

सैंया खेड़ा गांव में किसानों को सब्सिडी पर दी जाने वाली खाद के अवैध भंडारण की सूचना पर विजिलेंस टीम ने मंगलवार को औचक छापेमारी कर 180 बैग सब्सिडी वाली खाद बरामद की। टीम में निरीक्षक बिजेंद्र, एसआई महाबीर, एएसआई राजेश के अलावा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी राकेश कुमार शामिल थे। टीम ने गांव के सुरेश की दुकान पर छापेमारी की, जहां कृभको कंपनी की सब्सिडी युक्त खाद के 180 बैग पाए गए। पूछताछ में दुकानदार सुरेश कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिससे यह सिद्ध हो सके कि इतनी बड़ी मात्रा में खाद उसकी दुकान में वैध रूप से क्यों रखी गई है। सुरेश ने बताया कि यह खाद कैलाना गांव के नरेंद्र द्वारा उसकी सहमति से यहां रखवाई गई है, क्योंकि नरेंद्र के पास गोदाम नहीं है।

टीम ने स्पष्ट किया कि जिस स्थान पर खाद बेचने का लाइसेंस होता है, उसके अलावा किसी अन्य स्थान पर स्टाक रखना गैरकानूनी है। अधिकारियों ने आशंका जताई कि सब्सिडी पर मिलने वाली खाद का इस तरह से दुरुपयोग किया जा सकता है, जो किसानों के हितों के खिलाफ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गन्नौर थाना प्रभारी धीरज कुमार भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। थाना गन्नौर पुलिस ने बरामद हुई खाद को जब्त कर थाना में ले आई। गन्नौर पुलिस ने खाद मिलने के बाद अब मामले की जांच शुरू कर दी है।



गन्नौर। सैंयाखेड़ा में विजिलेंस की छापेमारी के दौरान गन्नौर एसएचओ धीरज कुमार।

## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

- करीब 45 साल का है मृतक

**सोनीपत।** अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर राठधना रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जांच अधिकारी एएसआइ अजय कुमार ने बताया कि मंगलवान सुबह सूचना मिली थी कि राठधना रेलवे स्टेशन के पास डाउन लाइन पर करीब 40-45 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और जांच की। मृतक के शरीर पर पीले रंग की टीशर्ट और स्लेटी रंग की लोअर मिली है, जबकि हाथ नहीं मिले। जीआरपी ने आसपास क्षेत्र के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

## व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान की वृद्ध पत्नी की बाइक सवारों ने चेन झपटी

**गन्नौर।** जैन स्थानक में मंगलवार की सुबह प्रवचन सुनने जा रही व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान स्वर्गीय शेखर जैन की पत्नी मुन्नी देवी की स्कूटी सवार दो युवक गले में डाली सोने की चेन झपटा मारकर तोड़ने के बाद फरार हो गए। बुजुर्ग महिला ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बुजुर्ग महिला मुन्नी देवी ने बताया कि मंगलवार की सुबह रेलवे रोड पर अपनी जैन इलेक्ट्रिकल की दुकान से सुबह 8 बजे प्रवचन सुनने के लिए जा रही थी तो रास्ते में पूजा साड़ी वाली गली से निकल रही थी तो सफेद रंग की बिना नंबर की स्कूटी पर दो युवक आए। उनमें से एक ने पीले रंग की टी शर्ट व सिर पर हैलमेट लगाए हुए था। शिकायत में बताया कि पहले तो लड़के ने राम राम बोला और मेरे राम- राम बोलते ही लड़के ने मेरे गले में डली ढाई तोले की सोने की चैन को झपटा मारकर तोड़कर स्कूटी पर सवार होकर भाग गए।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत के मामले में बस चालक काबू

**गन्नौर।** जीटी रोड पर काली माता मंदिर के पास पिछले वर्ष 20 अक्टूबर को हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत के मामले में बड़ी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी बस चालक को बस सहित गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान गांव कांटी, जिला महेंद्रगढ़ निवासी तोख राज के रूप में हुई है। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि 20 अक्टूबर को दिल्ली-पानीपत रोड पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार प्रवीण व उसके साथी दीपक को टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जांच के दौरान मौके से लाइट का टूटा शीशा बरामद हुआ, जिसे फारेंसिक जांच में पता चला कि शीशा बस का हिस्सा है। पलिस ने विभिन्न टोल नाकों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाली। पुलिस को एक संदिग्ध बस मिली, जिसका रंग बाइक पर लगे पेंट से मेल खा रहा था। जांच में बस रेवाड़ी डिपो की मिली।

## फंदे से लटका मिला महिला का शव ससुराल पक्ष के खिलाफ केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना के सेरसा गांव में संदिग्ध हालत में महिला का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस रशव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पिता ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव खड़वाली निवासी सतीश ने बताया कि उसने अपनी बेटी भारती (28) की शादी गांव सेरसा निवासी मनीष के साथ 2015 में की थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। जिसकी शिकायत पुलिस को भी गई थी। सुबह उसकी बेटी ने फांसी लगाने की सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचा। सतीश ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के चलते ही उसकी बेटी ने फांसी लगाकर जान दी है। कुंडली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां एफएसएल की टीम को बुलाया गया। टीम ने जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## महिला आवास किया चिह्नित, मांगें पार्क व गोशाला

# शहर में बनेगा इंडोर हाल व लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

मॉडल टाउन स्थित कामकाजी महिला आवास का वर्षों पुराना जर्जर भवन अब हटाया जाएगा। इस भवन की जगह इंडोर खेलों के लिए हॉल और एक सार्वजनिक लाइब्रेरी बनाई जाएगी, ताकि आसपास के लोगों को गंदगी व असामाजिक गतिविधियों से राहत मिल सके।

मंगलवार को नगर निगम मेयर राजीव जैन, चिल्ड्रन पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के आग्रह पर जिला उपायुक्त सुशील सारवान, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, उपमंडल अधिकारी (नागरिक) सुभाष जून और सह आयुक्त मीनू धनखड़ ने मौके का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि क्षेत्रवासियों की राय के अनुसार ही नई संरचना तैयार की जाएगी।

गौरतलब है कि वर्ष 2017 में इस स्थान पर पंजाबी भवन बनाने की योजना थी, लेकिन स्थानीय निवासियों के विरोध के चलते तत्कालीन कैबिनेट मंत्री कविता जैन के निर्देश पर यहां पार्क बनाने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद मामला जिला कष्ट एवं शिकायत निवारण समिति में भी उठाया गया। निरीक्षण के बाद उपमंडल अधिकारी नागरिक और नगर निगम अधिकारियों की टीम ने भवन गिराकर पार्क बनाने की सिफारिश की थी।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि भवन लंबे समय से खाली पड़ा है, जिससे परिसर में सांप-बिच्छू घूमते रहते हैं व नशेड़ी यहां डेरा जमाए रहते हैं। उनका कहना है कि मॉडल टाउन के मूल नक्शे में भी यहां पार्क दर्शाया गया है, ऐसे में पार्क बनाना ही सबसे उपयुक्त होगा। निरीक्षण के दौरान केडी गुप्ता, सतपाल तनेजा, कुलवंत हुड्डा, कृष्ण दुआ, संजय निझावन, अनिल सेठ, मदन बावेत्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।



सोनीपत। निरीक्षण करने के लिये पहुंचें अधिकारी साथ में मेयर एवं अन्य।






# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई।** अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

## लाइफ Style

# वामिका

## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागड्डा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली।** 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेंडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई।** एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्द पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।

## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।



# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली।** अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।



### क्या है फिल्म की कहानी?

वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये?** : इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।



***देश की पहली जुबली गर्ल :*** ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंडस्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

***नई दिल्ली।*** *नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज़ नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिंसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार** : सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंट्स फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा** : मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के



दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**अरबिया कदली** : अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन** : मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।

## खबर संक्षेप

### राजकीय स्कूल नांगल खुर्द में किया पौधरोपण

**सोनीपत।** संगत समतावाद सोनीपत ने मनीष ट्री व रंजन सहगल के नेतृत्व में राजकीय माध्यमिक विद्यालय नांगल खुर्द में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्याध्यापिका एवं समस्त स्टाफ ने सहयोग किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी सुनीता व दिव्या की सानिध्यता में ग्राम सरपंच और पंचायत के सदस्यों के सहयोग से विभिन्न प्रकार के 35 पौधे लगाए गए।

### नेत्र जांच शिविर में 195 मरीजों की आंखें जांची

**सोनीपत।** अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें दिल्ली से चिकित्सकों की टीम ने 195 मरीजों के नेत्रों की जांच की। इसमें से 6 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। इन मरीजों को आज टीम के साथ ऑपरेशन के लिए दिल्ली भेज दिया गया है। अन्य मरीजों को कोई बीमारी थी तो उनको फ्री में दवाइयां दी गई।

### यज्ञ से मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति

**गोहाना।** गांव सिकंदरपुर माजरा में 1 अगस्त से सर्व रक्षक यज्ञ यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के माध्यम से गली-गली पहुंचकर ग्रामीणों को वेदों की ओर लौटने का संदेश दिया जा रहा है। सोमवार को आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी यज्ञ में आहुति डालने पहुंचे। दांगी ने कहा कि यज्ञ मनुष्य की मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति का एक शक्तिशाली माध्यम है।

### हर वेलनेस जर्नी विषय पर जागरूकता शिविर

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में हर वेलनेस जर्नी विषय पर एक माह का जागरूकता शिविर आने वाले अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस को मद्देनजर रखते हुए आरंभ किया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मरक्षा तथा आंतरिक सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस श्रृंखला की शुरुआत मंगलवार को युवाओं में चिंता विषय पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर के साथ हुई।

### पंचायत में गोशाला पार्क की उठी मांग

**सोनीपत।** गांव बैयांपुर में मंगलवार को पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने विकास से जुड़ी विभिन्न समस्याएं रखीं। बैठक में गांव के लिए गोचारण भूमि, गोशाला और कम्युनिटी सेंटर के साथ-साथ पार्क विकसित करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। ग्रामवासियों ने कहा कि गांव में गोशाला की व्यवस्था न होने से गोवंश के संरक्षण में दिक्कत आती है।

### मूक-बधिर बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**सोनीपत।** कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर पवन शर्मा ने मंगलवार को अपना जन्मदिन सोनीपत के मूक बधिर स्कूल में बच्चों के साथ मनाया। सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमेन वाईके त्यागी ने बताया कि यह बधिर बच्चों के स्कूल की रसोई और बच्चों की अन्य जरूरत सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा पूरी की जाती है। डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि मेरा परिवार सेफ इंडिया फाउंडेशन के द्वारा हर महीने के आखिरी रविवार को बधिर बच्चों के जन्मदिन को मनाया करेंगे।

### महिला बाल कल्याण समिति की समीक्षा बैठक

**सोनीपत।** जिला उपायुक्त सुशील सारवान ने महिला बाल कल्याण विभाग की तिमाही समीक्षा बैठक ली। जिसमें उपायुक्त द्वारा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में आंगनवाड़ी केंद्र, पोषण वाटिका,बाल वाटिका के रखरखाव में व्यवस्था पर निर्देश दिए गए।

### पौधरोपण व मेडिटेशन पर कार्यशाला आयोजित

**सोनीपत।** हिंदू इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में युवा मानसिक स्वास्थ्य के निर्माण में ध्यान की भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास-सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा। कार्यशाला का आयोजन कोऑर्डिनेटर पूनम माथुर और विनीत शर्मा द्वारा किया गया।

---

*भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर ने की बैठक*

# इसराना में 10 को होगी प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत

*सोनीपत जिले की कमेटी ने मीटिंग कर के कमेटियों की ड्यूटियां लगाई*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की सोनीपत जिला कमेटी की बैठक सोनीपत के किसान रेस्ट हाउस में जिला प्रधान बेदी दहिया की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन जिला महासचिव हंसबीर खरब ने किया। किसानों ने बताया कि एमएसपी गारंटी कानून बनवाने के लिए, भारत-अमेरिका के मध्य प्रस्तावित व्यापार समझौते से खेती, डेयरी एवम पोल्ट्री सेक्टर को बाहर रखने के लिए एवं शम्भू-खनौरी बॉर्डर पर चले आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए मुकदमों को रद्द कराने के लिए 10 अगस्त को पानीपत के इसराना की नई अनाज मंडी में प्रदेश स्तर की किसान महापंचायत आयोजित की जा रही है। जिसमें किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल होंगे। 10 अगस्त की किसान महापंचायत की तैयारी के लिए सोनीपत जिले की कमेटी ने मीटिंग कर के सभी ग्राम कमेटियों की ड्यूटियां लगाई हैं और 10 अगस्त को सोनीपत जिले से हजारों किसान इसराना में आयोजित प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत में पहुंचेंगे। बैठक में मुख्य तौर पर वीरेंद्र खोखर, इंदरजीत राणा, विकास राणा, चुन्नी हलालपुर, बुधराम सिंह, समुंदर तोमर, रामनिवास निजामपुर, राजबीर दहिया आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** बैठक में मौजूद यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

# मलिकपुर में 173 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

- पूरे प्रदेश में लगेंगे इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल कैंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा की तरफ से प्रदेश में निःशुल्क इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को सोनीपत के गांव मलिकपुर में जांच शिविर का अयोजन किया गया। इस मौके पर करीब 173 मरीजों की जांच की गई। इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल जांच शिविर में मुख्य भूमिका सतेंद्र त्यागी ने निभाई। वहीं, काउंसिल के वाइस चेयरमैन डॉ नारायण सिंह तेवतिया, कैशियर डॉ. रोहित कटारिया, डॉ. संजय सहारण, डॉ. अमित कुमार और डॉ. प्रति रोहिल्ला ने शिविर में लोगों का स्वास्थ्य जांचा और मुफ्त दवाओं का वितरण किया। कैंप में मधुमेह, लीवर ,पेट संबंधित रोग, बीपी, सर्वाइकल, जोड़ों का दर्द, गुर्दे की पथरी आदि रोगों का इलाज इलेक्ट्रो होम्योपैथी दवाइयों के द्वारा इलाज किया गया। ग्रामीणों ने शिविर में जांच करवाई और कहा कि ऐसे शिविर आयोजित होते रहने चाहिए। इससे लोगों को बड़ा फायदा होगा। वहीं, इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा के चेयरमैन डॉ विनोद खनगवाल ने कहा कि काउंसिल पूरे प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल जांच कैंप का अयोजन करेगी। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली के सोनीपत स्थित कार्यालय और राई से विधायक कृष्णा गहलावत के सहयोग से गांव बरोटा में कैंप का आयोजन किया जा चुका है।



देवडू गांव में ग्रामीणों को संबोधित करती इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला।

## भाजपा का विकास सिर्फ दिखावाः सुनैना

**गन्नौर।** इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने कहा कि इनेलो एक ऐसी पार्टी है जो गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवा के आत्मसम्मान के लिए संघर्ष करती है। यह पार्टी सत्ता नहीं, अधिकारों की लड़ाई लड़ती है। वह मंगलवार को गांव कुराड में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। कहा कि इनेलो मात्र किसी एक नेता की नहीं बल्कि हर कार्यकर्ता की पार्टी है। जब इनेलो की सरकार बनेगी, तो वह आमजन की सरकार होगी, जो जनता के हितों की रक्षा और उन्हें सम्मान व अधिकार देने का काम करेगी। घोषणा की कि 21 अगस्त को राजपुर गांव में हलका गन्नौर की बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें अभय चौटाला पहुंचेंगे। ग्रामीणों को 25 सितंबर को होने वाली इनेलो की रैली में पहुंचने का भी न्यौता दिया। जनसंपर्क अभियान के तहत सुनैना ने कुराड के अलावा जहरी, ठरू, उल्देपुर, सांदल कलां, पांची जाटान, पुरखास, कैलाना और तेवड़ी गांवों का दौरा किया। इस दौरान तनूजा कश्यप, कृष्णा मलिक, कुनाल गहलावत, अनूप सिंह दहिया, बिजेंद्र रापरिया आदि मौजूद रहे।

### लंबित मांगों को लेकर बिजली कर्मियों में रोष

**गोहाना।** आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की गोहाना इकाई के कर्मचारी महम रोड स्थित एक्सईएन कार्यालय में एकत्रित हुए। कर्मचारियों ने मांगें पूरी न होने पर सरकार के विरुद्ध रोष व्यक्त किया। इसके बाद एक्सईएन कार्यालय के माध्यम से बिजली मंत्री अनिल विज व मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन भेजा। ज्ञापन एक्सईएन के प्रतिनिधि मनोज दिलेर व धर्मेंद्र सोलंकी को दिया। कर्मचारियों ने माडर्न आनलाइन ट्रांसफर पालिसी का भी विरोध किया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनिट प्रधान नितेश शर्मा व संचालन सचिव जितेंद्र शर्मा ने किया। यूनियन की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश यादव ने कहा कि सरकार बिजली कर्मियों को पांच हजार रुपये प्रति माह जोखिम भत्ता दे। उन्होंने कहा कि सरकार आनलाइन ट्रांसफर पालिसी लागू करके कर्मचारियों को मानसिक रूप से परेशान कर रही है। इससे क्लेरिकल व तकनीकी स्टाफ को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ेगा। तकनीकी स्टाफ का अगर दूसरी जगह तबादला किया जाता है तो उसे लाइनों को समझने में पांच से छह माह लग जाएंगे।

# 150 से अधिक प्रतिभागियों का विभिन्न कंपनियों में चयन

**सोनीपत।** भारत इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटीएस) मोहाना में मंगलवार को राज्य स्तरीय मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा पवन ने शिरकत की। विधायक का कालेज प्रबंधक समिति से राजेन्द्र बंसल, एकलन इंस्टीटयूट टैक्नोलाजी के अध्यक्ष ललित गर्ग, एवरग्रीन ग्रुप के निदेशक राजकुमार गर्ग, रामगया ग्रुप के चेयरमैन संजय गुप्ता, राकेश दबस, मानस अस्पताल के निदेशक ममन शर्मा आदि ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक के अलावा गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक,संदीप पराशर,भारत शर्मा,नरेश , विक्रम सिंह सहरावत, एडवोकेट कमल शर्मा, एडवोकेट अशुतोष सरोहा, एडवोकेट अशोक बरोड़ा, प्रदीप (प्रधानाचार्य, तक्षिला स्कूल),अत्तर सिंह (निदेशक, जीवन ज्योति स्कूल), राहुल सिंह (ब्राइट फ्यूचर एकेडमी),मनोज कुमार (रोजगार अधिकारी) ने उपस्थित युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया । मेले में करीब 700 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 150 से अधिक प्रतिभागियों का चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया।



विधायक पवन व अन्य अतिथियों का स्वागत करते बीआईटीएस मैनेजमेंट के पदाधिकारी व रोजगार मेले में साक्षात्कार देते हुए युवा।

## शिकायत के बावजूद नहीं मिला समाधान

**गन्नौर।** न्यू बसंत विहार कालोनी के लोगों में जनस्वास्थ्य विभाग की अनदेखी और लगातार शिकायतों के बावजूद नहीं मिला समाधान, लोगों में गहरा रोष है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गली के कई हिस्सों में सीवर लाइन जगह-जगह से लीक हो चुकी है, जिससे मकानों की नींव कमजोर हो रही है। अभी नगरपालिका द्वारा गली का निर्माण किया जाएगा, गली उखड़ी हुई है। यदि गली बनने से पहले सीवर लाइन व्यवस्था दुरुस्त हो जाए तो सरकारी पैसे बर्बाद नहीं होंगे, इसी के चलते उन्होंने गली निर्माण का काम अभी रुकवा रखा है। इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन हर बार सिर्फ खानापूर्ति कर मामला टाला जा रहा है। हर बार जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी कुछ जगहों पर लीकेज ठीक कर लौट जाते हैं, जिससे फिर बार-बार लीकेज हो जाती है। जब अधिकारियों से नए सिरे से लाइन बिछाने की मांग की जाती है तो अधिकारी विभाग के पास रुपये न होने का रोना रोते हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि अब वे सरकारी तंत्र से उम्मीद छोड़ चुके हैं।



सीवर लाइन बिछाने के लिए रुकवाया गया गली निर्माण कार्य।



प्रतियोगिता में विजेता घोषित विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ।

## श्रुतलेखन में साविया, दीक्षांत और कियाना विजेता

**गोहाना।** शहर के गुढ़ा रोड पर स्थित जेएलएन विद्यालय में सोमवार को प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों की हिंदी भाषा श्रुतलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हिंदी भाषा का व्याकरणिक ज्ञान देने के साथ भाषा को रुचिकर बनाना रहा। प्रतियोगिता में कक्षा पहली से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा का रहा। संयुक्त अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। विजेता विद्यार्थियों में कक्षा पहली से साविया, दीक्षांत और कियाना, कक्षा दूसरी से अवनी, गुंजन, मानवी, आरव, चेष्टा, भावेश और नव्या, कक्षा तीसरी से सक्षम, सृष्टि और अक्षत, कक्षा चौथी से काव्या, दक्ष, रिहान रीत और नित्यम जबकि कक्षा पांचवीं से हिमांशु, गगन और इशिका शर्मा विजेता रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सीमा रानी, प्रीति यादव, नितिन, प्रिया शर्मा, सोनिया शर्मा, वीनू सरोहा, रितु, नीलम वर्मा और तनु रानी शामिल रहे। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## दूषित पानी बना परेशानी

**सोनीपत।** बैयांपुरा स्थित दादा मोहनदास धाम के पास गंदे पानी और सड़ते कचरे की समस्या ने स्थानीय लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। धाम के सेवकों ने बताया कि परिसर में लंबे समय से गंदा पानी जमा हो रहा है और बदबू देने वाला कचरा सड़ने से स्थिति और गंभीर हो गई है। कई बार व्यक्तिगत स्तर पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। सेवकों ने बताया कि इस स्थिति से धाम में आने वाले श्रद्धालु ही नहीं, बल्कि आस-पास के निवासी भी प्रभावित हो रहे हैं। बदबू और गंदगी के कारण क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों और सेवकों ने प्रशासन से मांग की कि धाम की स्वच्छता व्यवस्था सुधारी जाए और गंदे पानी की निकासी के लिए स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।



**सोनीपत।** धाम के पास इकट्ठा हुआ गंदा पानी।





लायंस क्लब गन्नौर गौरव के पदाधिकारी छात्रों को ड्रेस वितरित करते।

## जरूरतमंद विद्यार्थियों को ड्रेस वितरित की

**गन्नौर।** लायंस क्लब गन्नौर गौरव के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गन्नौर में यूनिफॉर्म वितरण सेवा प्रोजेक्ट का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्य अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरित कर उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना था। कार्यक्रम की संचालन व्यवस्था अनुराधा गौतम ने की। क्लब की पदाधिकारी भावना जग्गा ने कहा कि सेवा ही संगठन की पहचान है। यही प्रेरणा हमे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। क्लब की पदाधिकारी भावना जग्गा, नीरज जग्गा, हरीश वधवा, तरुण चुघ, जीतेन्द्र आहूजा, अंकुर वेदी, रजत हांडा, विक्रांत हांडा, चिराग, शालू वधवा, ईशा, डिंपी, ज्योति, रजनी, हार्दिका, अनु, चारु भाभी, गीता चुघ, तथा मीनू हांडा आदि मौजूद रही।



पुलिस अधिकारियों को जानकारी देते संरक्षण अधिकारी रजनी गुप्ता।

## पोक्सो एक्ट के प्रति किया जागरूक

**सोनीपत।** महिला थाना सोनीपत में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 (पीसीएमए) की धाराओं, सजाओं तथा हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में किए गए संशोधनों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संरक्षण अधिकारी एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने संबोधित करते हुए बताया कि अधिनियम की धारा 9, 10 व 11 के तहत यदि 21 वर्ष से कम आयु का लड़का विवाह करता है, तो उसे दो वर्ष की सजा, एक लाख रुपये जुर्माना या दोनों हो सकते हैं, और विवाह में सहयोग करने वाले चाहे वे पुरोहित हों, पंचायत सदस्य या माता-पिता—सभी को कानूनी दंड का सामना करना पड़ सकता है। बताया कि विवाह योग्य आयु लड़कियों के लिए 18 वर्ष व लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित है, और जिले में पीएचसी/सीएचसी से लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिनमें नाबालिग लड़कियां गर्भवती पाई जा रही हैं। जिन पर पीसीएमए और पोक्सो एक्ट के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जा रही है। विशेष रूप से उन्होंने हरियाणा सरकार के बाल विवाह अधिनियम में संशोधन को महत्वपूर्ण बताया।

# बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में नया पावर हाउस स्थापित करने का दिया आश्वासन

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली संकट गहराने की समस्या के समाधान को लेकर एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसो.के कार्यालय में आयोजित बैठक हुई। बैठक में बिजली निगम के एक्सईएन प्रदीप कुमार और जेई ओमदास विशेष रूप से पहुंचे। बैठक में बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली कटौती, नए कनेक्शन न मिलने और ओवरलोड की समस्या को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। एसो के अध्यक्ष नवीन कौशिक, महासचिव हरप्रीत सिंह, निशांत गोयल आदि ने बताया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली के अघोषित कटों से उद्योगपतियों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। कई उद्योग बिजली संकट के चलते बंद होने की कगार पर हैं और नए उद्योगों को कनेक्शन तक नहीं मिल पा रहे। इसकी सबसे बड़ी वजह बिजली ओवरलोड होना है। बैठक में अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में जल्द नया पावर हाउस स्थापित किया जाएगा। एचएसआईआईडीसी ने भूमि देने की सहमति दी है और निगम अधिकारियों ने हाल ही में स्थल का दौरा भी किया है। एसो ने बड़ी में एक्सईएन कार्यालय खोलने और सप्ताह में एक दिन बिजली दरबार लगाने की मांग रखी है। जिस पर एक्सईएन प्रदीप ने एसो को इस दिशा में कदम उठाने का भी आश्वासन दिया है।



एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते बिजली निगम के अधिकारी।





**सोनीपत।** विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं विद्यालय स्टाफ।

## अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के लिए एक अंतर-सदनीय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय एआई - भविष्य में मानव नौकरियों के लिए एक खतरा और ऑनलाइन गोपनीयता एक मिथक रहा। इस कार्यक्रम में छात्रों ने भागीदारी की और तर्क और प्रतिवाद प्रस्तुत किए। विशेष आकर्षण वाद-विवाद में तीक्ष्णता और सहजता लाने वाले वाद-विवादकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। उनके सामयिक और प्रासंगिक प्रश्नों ने वाद-विवादकर्ताओं को सक्रिय रखा और समग्र चर्चा को समृद्ध बनाया। प्रतियोगिता के निर्णायक अकादमिक निदेशक और अकादमिक समन्वयक संयोगिता रहे। प्रधानाचार्य डॉ. किरण दलाल ने श्रोताओं को संबोधित किया और छात्रों को ऐसी बौद्धिक रूप से प्रेरक गतिविधियों में संलग्न रहने के लिए प्रोत्साहित किया। अंशिका, आशिका और वंशिका के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ हिमालय हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विंध्याचल सदन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जिसका प्रतिनिधित्व रिया शर्मा, गुन सचदेवा और सौम्या ने किया।

## कन्या गुरुकुल वमावि में चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर सम्पन्न

# लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पूरी ताकत झौंक दें : भारती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए आयोजित चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर का आज समापन हो गया। समापन सत्र की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। मुख्य अतिथि गोहाना की डीसीपी भारती डबास रहीं।

भारती डबास ने कहा कि पहले बेटियों के लिए पढ़ाई आसान नहीं थी। क्षेत्र में इस संस्थान से बेटियों के लिए शिक्षा का प्रकाश फैला। यह संस्थान बेटियों की शिक्षा के लिए एक धरोहर है। छात्राओं को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य का चुनाव करें और उसे हासिल करने के लिए पूरी ताकत झौंक दें। अगर वे ऐसा करेंगी तो सफलता उनके कदम चूमेगी। डीसीपी ने कहा कि भविष्य में माता-पिता व बच्चों के लिए मोबाइल एक बड़ी चुनौती बन कर सामने आया है। इसके समाधान के लिए मोबाइल का उपयोग केवल जरूरत के लिए ही करें। जितना हो सके प्रकृति से जुड़ें और नशे सहित अन्य सामाजिक बुराइयों से बचें। आज नशा भी एक बड़ी चुनौती है। एक बार नशे के दलदल में फंसने के बाद कोई यू-टर्न नहीं है। आज हम सबको एकजुट होकर युवाओं को नशे की लत से दूर करना होगा। मां-बाप को चाहिए की अपने बच्चों को समय दें और उनकी बात को सुनें। संदीप आर्य ने शिविर की रिपोर्ट पेश की। उन्होंने कहा कि हम ऐसे समाज का निर्माण चाहते हैं जहां सब का विकास समान हो, सब को न्याय मिले, सब सुरक्षित हों और सबको समानता के अवसर मिलें। लेकिन यह सिर्फ इतिहास में मिलता है। वर्तमान में ऐसा समाज नहीं है। समाज के निर्माण में विद्या का अहम महत्व है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, बहन कमला रानी, बहन शकुंतला, प्रो. श्वेता सिंह, प्रो. रवि भूषण, प्राचार्य सुमिता सिंह, रविंद्र आर्य, भगत सिंह आर्य व पूनम भूटानी मौजूद रहे।



कुलपति प्रो . सुदेश के साथ दीप प्रज्ज्वलित करते डीसीपी गोहाना भारती डबास।

### बेटियों में ऊर्जा की कमी नहींः प्रो. सुदेश

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि हमारी बेटियों में ऊर्जा की कमी नहीं है।आज उसको सही दिशा मिल रही है। कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर में छात्राओं में अनुशासन व नई ऊर्जा का संचार हुआ है। चरित्र निर्माण का पहला स्थान घर है और उसके बाद शिक्षण संस्थान होता है। युवा अपनी संस्कृति का सम्मान करें और सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ें।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में पौधे रोपित करते हुए।

## पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**सोनीपत।** पतंजलि परिवार से जुड़े संगठन भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति, युवा भारत, लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति, सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के संयुक्त प्रयास से इंडस्ट्रियल एरिया सोनीपत स्थित सिग्नस जेके अस्पताल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत बालम खीरा, अर्जुन, जामुन, सहजन, गुलमोहर, नीम, बेलपत्र, तुलसी, कनेर जैसे पौधे लगा व वितरित कर जड़ीबूटी दिवस मनाया। इस अवसर पर लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति के उपप्रधान सतवीर गौतम ने बताया कि यह दिवस आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पौधे धरती के सौंदर्य को बढ़ाने के साथ साथ मनुष्यों को जीवनदायिनी प्राणवायु प्रदान करते हैं। जीवन के जन्मोत्सव के समय हवन और अंतिम संस्कार में भी पेड़ों से प्राप्त लकड़ियां ही प्रयोग होती हैं। पेड़ो के द्वारा कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण होता है, पर्यावरण का संरक्षण होता है।

## खबर संक्षेप

### शिकायतों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश



**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविर में आने वाली जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सभी विभागाध्यक्ष गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने जिन विभागों की शिकायतें लंबित हैं, उनको आगामी बैठक से पहले शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग लंबित शिकायतों का समाधान करना सुनिश्चित करें अन्यथा कारवाई की जाएगी।

### दीक्षित और दक्ष ने जीते गोल्ड मेडल

**बहादुरगढ़।** बाल विकास स्कूल के छात्रों ने बीते दिनों हुई खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। प्रधानाचार्या डॉ. पूनम चौधरी ने बताया कि 12वीं (आर्ट्स) के दीक्षित ने सीबीएसई जोनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता। वह अब 14 अगस्त को राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खेलेगा। वहीं दक्ष ने जिलास्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में अंडर-15 आयु वर्ग में गोल्ड मेडल जीता।

### शराब तस्करी में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित तरूण निवासी भदाना सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

उप निरीक्षक नवीन ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान प्याऊ मनियारी के पास मौजूद थी। उसी दौरान छतेहरा के पास केएमपी की तरफ संदिग्ध हालत में कार चालक को रोकर उसकी तलाशी ली। उसमें शराब की 65 पेटी शराब अलग-अलग मार्का की मिली।

### अलग-अलग स्थानों से किशोर, युवक व युवती लापता

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र से संदिग्ध हालत में 11 वर्षीय किशोर व 20 वर्षीय युवक, शहर थाना क्षेत्र से 20 वर्षीय युवती, सदर थाना क्षेत्र से महिला, राई थाना क्षेत्र से किशोरी व युवती के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है।

### पूर्ण मूर्ति कैंपस में फार्मेसी की परीक्षाएं

**सोनीपत।** पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साइंसेज, रोहतक की ओर से संचालित होने वाली बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी.फार्मेसी) की समैस्टर परीक्षाएं शुरू हो गई। सोनीपत जिले में परीक्षा का एकमात्र केंद्र पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड परिसर में स्थित पूर्ण मूर्ति कलिंज ऑफ फार्मेसी में बनाया गया है। यहां सोनीपत के कॉलेज के करीब अढ़ाई हजार परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों ने इंतजामों को सराहा। पूण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने बताया कि इस परीक्षा केंद्र में पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी के साथ ही अन्य कॉलेजों के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।

# तीन हजार मीटर दौड़ में छात्रा हिमानी दौड़ी सबसे तेज

## शैक्षणिक खंड गोहाना की खेल प्रतियोगिताएं शुरू, विद्यार्थियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सोमवार को शैक्षणिक खंड गोहाना की खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गई। खेलों में शैक्षणिक खंड क्षेत्र के विभिन्न राजकीय और गैर राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता करके अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की।

खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में आठ खेलों का आयोजन होगा। पांच व छह अगस्त को लड़कियों की और 7 व 8 अगस्त को लडक़ों की खेल प्रतियोगिताएं होंगी। एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं शहीद मदनलाल धींगड़ा स्टेडियम गोहाना में शुरू हो गई। खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ राजेंद्र सांगवान ने प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। 3 हजार मीटर दौड़ में हिमानी सबसे तेज दौड़ीं। उमा और वंशु ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। 15 सौ मीटर की दौड़ में हिमानी, प्रिया मलिक और श्रेयशी, 800 मीटर दौड़ में दिव्या, शिवानी और वंशु, 400 मीटर दौड़ में प्रिया मलिक, ज्योति और यशिका, 200 मीटर दौड़ में ईशा, प्रिया और सिमरन जबकि 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रेणु, कशिश और यशिका क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। खेलों में प्राचार्या अनिता दूहन, राजेश दूहन, डीपीई लक्ष्मण, जगविजय, शमशेर, अनीता और मंजीत ने खिलाडिय़ों का मार्गदर्शन किया। संयोजन सतेंद्र कुमार दहिया का रहा।

### इन स्थानों पर होंगी ये प्रतियोगिताएं

योगासन प्रतियोगिता राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना, क्रिकेट प्रतियोगिता जेकेआर पब्लिक स्कूल गोहाना, मुक्केबाजी एवं ताइक्वांडो प्रतियोगिताएं बाल भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना, कुश्ती प्रतियोगिता शमशेर अखाड़ा भैंसवाल कलां, कबड्डी प्रतियोगिता मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाठ व खो-खो प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरगथल में आयोजित हुई। खेल प्रतियोगिताएं अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाडिय़ों के लिए आयोजित होंगी।



**गोहाना।** लड़कियों की दौड़ प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए बीईओ राजेंद्र सांगवान व अन्य।

## विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में हरियाणा के पहलवान परचम लहराने को तैयार

**सोनीपत।** आगामी 13 से 21 सितंबर तक क्रोएशिया के जाग्रेब शहर में आयोजित होने वाली विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में एक बार फिर हरियाणा के पहलवानों का परचम लहराने को तैयार है। लखनऊ में हुए ट्रायल मुकाबलों के आधार पर भारतीय पुरुष टीम में कुल 20 पहलवानों का चयन किया गया है, जिनमें से 17 खिलाड़ी हरियाणा से हैं। यह राज्य की मजबूत खेल परंपरा और कुश्ती में उसकी बादशाहत का प्रमाण है। विशेष बात यह है कि चयनित खिलाड़ियों में सोनीपत जिले के तीन पहलवान भी शामिल हैं, जो देश के लिए पदक की उम्मीद जगाएंगे। जुआं गांव के जुआं अखाड़े से जुड़े अंकित गुलिया और अमित उर्फ मुन्ना ने ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी जगह पक्की की है। अंकित गुलिया 72 किलो ग्रीको रोमन वर्ग में, जबकि अमित उर्फ मुन्ना 79 किलो फ्री स्टाइल वर्ग में दांवपेच दिखाएंगे। इनके अलावा सोनीपत के जयदीप 74 किलो फ्री स्टाइल में मैट पर उतरेंगे। तीनों पहलवानों का चयन उनके कठिन परिश्रम और तकनीकी श्रेष्ठता का परिणाम है। हरियाणा के पहलवानों की टीम में बहुलता यह दर्शाती है कि राज्य का ग्रामीण ढांचा, परंपरागत अखाड़े और आधुनिक प्रशिक्षण पद्धति युवाओं को विश्वस्तरीय स्तर पर पहुंचा रही है। सोनीपत के अखाड़ों ने एक बार फिर साबित किया है कि यहां से निकले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन करने का दम रखते हैं। फिलहाल भारतीय कुश्ती दल की तैयारी अंतिम चरण में है और देशभर की निगाहें इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी हैं। कुश्ती प्रेमियों को उम्मीद है कि यह दल देश के लिए गौरवपूर्ण पदक लेकर लौटेगा और तिरंगा अंतरराष्ट्रीय मंच पर फिर से ऊंचा लहराएगा।

### चयनित पहलवानों की सूची

**ग्रीको रोमन वर्ग:** अनिल मोर (हिसार, 55 किलो), सूरज (60 किलो), सनी कुमार (झज्जर, 63 किलो), अनिल (67 किलो), अंकित गुलिया (सोनीपत, 72 किलो), अमन (77 किलो), राहुल (82 किलो), करण कंबोज (87 किलो), नितेश (97 किलो), सोनू (130 किलो)।

**फ्री स्टाइल वर्ग:** अमन सहरावत (झज्जर, 57 किलो), उदित (झज्जर, 61 किलो), सुजीत (65 किलो), रोहित (70 किलो), जयदीप (सोनीपत, 74 किलो), अमित उर्फ मुन्ना (सोनीपत, 79 किलो), मुकुल (86 किलो), दीपक पूनिया (झज्जर, 92 किलो), विक्की (हिसार, 97 किलो), रजत (125 किलो)।

**महिला वर्ग :** अंकुश (50 किलो), अमित पंघाल (हिसार, 79 किलो), निशु (55 किलो), तपस्या (झज्जर, 57 किलो), नेहा सांगवान (चरखी दादरी, 59 किलो), मनीषा भनवाला (62 किलो), वैष्णवी पाटिल (महाराष्ट्र, 65 किलो), सृष्टि (गुरुग्राम, 68 किलो), ज्योति बेरवाल (हिसार, 72 किलो), प्रिया मलिक (जींद, 76 किलो)।

## परीक्षित खत्री ने सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

- खरखौदा की बिरला चाइल्ड एकेडमी में 30 जुलाई से 03 अगस्त तक आयोजित की गई थी प्रतियोगिता

**सोनीपत।** सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 ताइक्वांडो चैंपियनशिप में साउथ पॉइंट स्कूल के खिलाड़ी परीक्षित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। स्कूल पहुंचने पर साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डा. ममता सचदेवा ने पदक विजेता जोरदार स्वागत किया। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी किसी न किसी खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन 30 जुलाई से 03 अगस्त तक खरखौदा के बिरला चाइल्ड एकेडमी में किया गया था। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता करते हुए अपनी खेल प्रतिभा दिखाई। साउथ पॉइंट से वाणिज्य संकाय के 11वीं कक्षा के छात्र परीक्षित खत्री ने अंडर-17 आयु वर्ग के 78 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लेकर शानदार खेल दिखाते हुए गोल्ड मेडल जीता। पदक विजेता का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री व साउथ पॉइंट ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने विजेता खिलाड़ी को जीत की बधाई दी। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में प्रतिभागिता करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डा. ममता सचदेवा ने भी परीक्षित खत्री को जीत की बधाई देते हुए कहा कि खेलों से न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है।



## खिलाड़ी कशिश ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक

**गन्नौर।** शास्त्री नगर में स्पारटन अकेडमी क्लब की खिलाड़ी कशिश शर्मा ने फरीदाबाद खेल स्टेडियम में आयोजित ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता खरखौदा में आयोजित हुई। कशिश ने अंडर-19 की 52 किलोग्राम वजन श्रेणी में खेलते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कोच विजय रमन ने कशिश को इस उपलब्धि पर बधाई दी। कोच विजय रमन ने बताया कि कशिश पिछले दो साल से अकेडमी में प्रशिक्षण ले रही है।



**गन्नौर।** छात्रा कशिश को अकेडमी संचालक विजय रमन प्रशिक्षण देते हुए।

## सीबीएसई नॉर्थ जॉन 2 बॉक्सिंग में 5 पदकों सहित जीती रनर अप ट्रॉफी

**सोनीपत।** गुड़गांव के निजी स्कूल में 1 अगस्त 2025 से 4 अगस्त तक सीबीएसई नॉर्थ जॉन II बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के बॉक्सरों ने इस प्रतियोगिता में खेलते हुए 4 स्वर्ण पदक व 1 रजत पदक जीतकर रनर अप ट्रॉफी अपने नाम की। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सुनैना ने 60 किलो भारवर्ग में, तेजस खोखर ने 50 किलो भारवर्ग में, अनमोल दहिया ने 66 किलो भारवर्ग में व विशाल दहिया ने 70 किलो भारवर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीतकर अपने जिले व एकेडमी का नाम रोशन किया। यश सैनी ने भी 46 किलो भारवर्ग में खेलते हुए रजत पदक जीता। सभी विजेता बॉक्सरों के अभिभावक बहुत ही खुश थे उन्होंने इस जीत का श्रेय विद्यालय प्रशासन व उनके कोच को दिया। सभी विजेता खिलाडियों का आगामी सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए भी चयन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी विजेताओं बॉक्सरों को बधाई दी।



**सोनीपत।** बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विजेता रहे बॉक्सर।

## दिव्यांशी ने सीबीएसई नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल की छात्रा दिव्यांशी ने सीबीएसई नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर एक उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इससे पहले भी उन्होंने पटियाला, पंजाब में आयोजित यूथ शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने दिव्यांशी का स्वागत किया और उनकी इस उपलब्धि की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांशी का निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण उन्हें भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने में मदद करेगा। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा दिव्यांशी की इस उपलब्धि से हमें गर्व है। हमें विश्वास है कि वह आने वाले समय में अपने क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करेगी। दिव्यांशी की इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम रोशन हुआ है और अन्य छात्रों को भी प्रेरित किया है। दिव्यांशी की सफलता का श्रेय उनके निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण को जाता है। विद्यालय प्रबंधन ने दिव्यांशी की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



**गन्नौर।** प्रधानाचार्या शूटिंग में स्वर्ण पदक विजेता दिव्यांशी का स्वागत करते हुए।

## कन्या महाविद्यालय की नीशू ने राष्ट्रीय नेटबॉल में प्राप्त किया स्वर्ण पदक

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय की छात्रा नीशू ने ऑल इंडिया इंटर जोनल राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 1 से 4 अगस्त के बीच पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में आयोजित की गई थी। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या डॉ प्रमिला ने छात्रा का स्वागत किया करते हुए बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका डॉ दर्शना दहिया ने बताया कि यह छात्रा हरियाणा की टीम का हिस्सा रही और फाइनल मैच पंजाब यूनिवर्सिटी के साथ खेला गया था। जिसमें हरियाणा की टीम विजयी रही। छात्रा निशु पहले भी राष्ट्रीय नेटबॉल खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन कर चुकी है।



**खरखौदा।** निशु का स्वागत करते हुए प्राचार्या डॉ प्रमिला व डॉ. दर्शना दहिया।

## देवांश ने नेशनल ग्रेपलिंग में जीते दो कांस्य पदक

**खरखौदा।** प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा के छात्र देवांश लाकड़ा ने नेशनल ग्रेपलिंग चैम्पियनशिप में दो ब्रॉन्ज मेडल जीतकर प्रदेश, जिला और विद्यालय का नाम रोशन किया। उक्त प्रतियोगिता बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित की गई थी। देवांश ने 66 से 70 किग्रा भारवर्ग में गी (जी आई) और नोगी (एनओ-जीआई) दोनों इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। विद्यालय में देवांश का भव्य स्वागत किया गया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, कोच जगमेन्द्र पांचाल, तथा देवांश के दादा रामचन्द्र लाकड़ा, ईश्वर लाकड़ा, जयकिशन सैनी, दीपक, सोनू, मोनू, संजय, वंश, शुभम सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका सम्मान किया। देवांश के दादा रामचन्द्र लाकड़ा ने बताया कि उनका परिवार विद्यालय प्रबंधन समिति का हृदय से आभारी हैं। डॉ. सुबोध दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि देवांश की सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए और लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम से उन्हें प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।



**खरखौदा।** देशांश का स्वागत करते द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश।

## विद्यार्थी अनुशासन के साथ आगे बढ़ें : अनिल कुमार

- राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**गोहाना।** बड़ौता गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. गीता का रहा। मंच संचालन डॉ. सरिता मलिक ने किया। मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि अनुशासन जीवन में सफलता का मूल मंत्र है। जीवन में सफलता हासिल करने के लिए विद्यार्थी अनुशासन के साथ आगे बढ़ें और अपने कौशल का विकास करें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को महाविद्यालय के नियमों, पाठ्यक्रम, सांस्कृतिक व खेलों सहित अन्य सुविधाओं से अवगत करवाया गया।

## सिरसा के लिए सीधी एसी बस सेवा शुरू, यात्रियों को बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत से सिरसा जाने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। अब उन्हें सिरसा तक पहुंचने के लिए बार-बार वाहन नहीं बदलने पड़ेंगे, क्योंकि रोडवेज विभाग ने सोनीपत से सिरसा के लिए सीधी एसी बस सेवा शुरू कर दी है। यह बस रोजाना शाम 5 बजे सोनीपत बस अड्डे से रवाना होगी। इससे यात्रियों को लाभ मिलेगा। बता दें कि यात्रियों की ओर से लंबे समय से सिरसा के लिए सीधी एसी बस सेवा की मांग की जा रही थी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रोडवेज ने मंगलवार से इस सेवा की शुरुआत कर दी है। गर्मी के मौसम में एसी बस सेवा यात्रियों के लिए आरामदायक और सुविधाजनक सफर का माध्यम बनेगी।

इससे पहले सोनीपत से दिल्ली, चंडीगढ़ और यमुनानगर रूट पर ही एसी बसें चलाई जा रही थीं। लेकिन अब विभाग द्वारा एसी बसों की संख्या बढ़ाकर अन्य रूटों पर भी भेजा जा रहा है। वहीं चंडीगढ़ रूट पर भी सोनीपत से सीधी चार एसी बसें चलाई जा रही हैं। ये बसें सुबह 6:30 बजे, 9:10 बजे, दोपहर 12:30 बजे और 1:30 बजे रवाना होती हैं। इसके अलावा 10 अन्य बसें सोनीपत से दिल्ली होकर चंडीगढ़ भेजी जाती हैं।

### जरूरत पड़ने पर बस के फेरे बढ़ेंगे

विभाग का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर और सुविधाजनक परिवहन सेवा उपलब्ध कराई जाए। इसी उद्देश्य से सिरसा रूट पर यह नई एसी बस सेवा शुरू की गई है। जरूरत पड़ने पर बस के फेरे बढ़ाएं जायेगें।

-संजय कुमार, महाप्रबंधक सोनीपत डिपो।

## नेपाली कृषि वैज्ञानिकों ने लिया पारंपरिक खाने का स्वाद

**गन्नौर।** नेपाल से आए 40 कृषि वैज्ञानिकों का दल मंगलवार को मुरथल स्थित मन्नत हवेली में पहुंचा। मन्नत हवेली पर पहुंचने पर हर्ष चुघ ने पटका और बुके देकर स्वागत किया और उन्हें पारंपरिक भोजन भी करवाया। खाना खाने के बाद दल कुरूक्षेत्र गुरुकुल के रवाना हो गया। यहां 9 अगस्त तक प्राकृतिक खेती पर चार दिन का सेशन चलेगा। पहले दिन वैज्ञानिक दल गुरुकुल का दौरा करेगा। अगले तीन दिन खेती के तौर-तरीकों, मिट्टी जांच और जीरो बजट खेती की प्रक्रिया को समझेगा। मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के एमडी विरेंद्र कादियान ने कहा कि आचार्य देवव्रत का प्रकृतिक खेती का माडल किसानों के लिए लाभदायक है। नेपाल में आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह दल भारत आया है यह हमारे लिए गौरव की बात है। इस मौके पर दल के कोआर्डिनेटर प्रकाश और महक सिंह, कृषि वैज्ञानिक पद्मश्री डा. हरिओम, डा. रोशनलाल, डा. मनीषा, डा. प्रदीप आदि मौजूद रहे।



## सड़क पर अचानक गाय आने से दोपहिया वाहन सवार घायल

- अस्पताल में उपचार के दौरान तोड़ा दम, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के गांव थरया-जाहरी सड़क मार्ग पर अचानक सड़क पर आई गाय में बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां गंभीर चोट होने के चलते उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पलिया कलां खोरी यूपी निवासी नीरज ने बताया कि उसका भाई राजकुमार (43) जाहरी शराब फैक्ट्री में काम करता था। वह शराब फैक्टरी में ही रहता था। गत एक अगस्त को लेबर को छोड़ने के लिए गांव थरया गया हुआ था। वहां से वापस बाइक पर आ रहा था। गांव जाहरी के पास सड़क पर अचानक गाय आ गई। बाइक गाय में जाकर टकरा गई। हादसे में उसका भाई घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लाया गया। सोमवार देर शाम उपचार के दौरान राजकुमार ने दम तोड़ दिया।

### 10 दिन से नहीं हो रही एलएफटी और केएफटी जांच, मरीज निजी लैब में जांच कराने को मजबूर

# जिला नागरिक अस्पताल में खून की जांच ठप, मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में पिछले दस दिनों से खून की जांच की व्यवस्था ठप पड़ी हुई है। केमिकल रिजेंट खत्म हो जाने के कारण लीवर फंक्शन टेस्ट (एलएफटी) और किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी) जैसे जरूरी टेस्ट नहीं हो पा रहे हैं। इससे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को मजबूरन निजी लैब में जाने पर मजबूर होना पड़ा रहा है। प्रबंधन की तरफ से जल्द से जल्द सामान मंगवाने की बात कही जा रही है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में हर रोज दो हजार से ज्यादा मरीजों की ओपीडी रजिस्ट्रेशन संख्या है। जिनमें से 70 से 90 मरीजों को लीवर और किडनी की जांच की आवश्यकता होती है। लेकिन जांच के अभाव में डॉक्टरों की ओपीडी पर्ची पर लिखे टेस्ट भी नहीं हो पा रहे, जिससे मरीजों को या तो वापस लौटना पड़ रहा है या फिर उन्हें मजबूरन निजी लैब का रुख करना पड़ रहा है। पीड़ित मरीजों और उनके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन से मांग की है कि जल्द से जल्द रिजेंट मंगवाकर खून की जांच सेवाएं बहाल की जाएं, ताकि इलाज में देरी न हो और उन्हें निजी लैब में पैसे खर्च न करने पड़ें।





**सोनीपत।** लैब के बाहर टेस्ट करवाने वालों की भीड़ व रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर लाइन में पर्ची के लिए खड़े मरीज।

### निजी लैब में 200 से 250 रुपये तक खर्च

अस्पताल में सीबीसी, एलएफटी और केएफटी जैसी जांचें मुफ्त होती हैं। लेकिन अब मरीजों को ये जांचें बाहर की लैब में करानी पड़ रही हैं, जहां एक जांच पर 200 से 250 रुपये तक खर्च आ रहा है। मरिज, अस्पताल से बिना जांच करवाए ही लौटने को मजबूर हो रहे।

### जांच के लिए केमिकल खत्म

प्रयोगशाला में एलएफटी और केएफटी जांच के लिए जरूरी केमिकल रिजेंट खत्म हो गया है। रिजेंट मंगवाने के लिए मुख्यालय को पत्र लिखा गया है। जैसे ही रिजेंट उपलब्ध होंगे, जांचें शुरू कर दी जाएंगी।

-इंचार्ज डॉ. प्रिया भारद्वाज, प्रयोगशाला प्रभारी।